**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 15.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुकुवाखास में आयोजित किया गया जागरुकता कार्यक्रम । बच्चों को सरल भाषा में गुड टच- बैड टच तथा आपातकालीन पुलिस सेवा के बारे में दी गई जानकारी।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 15.10.2025 को **थाना पैलानी** की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुकुवाखास में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को **लघु फिल्में** दिखाकर को सरल तरीके से **गुड टच और बैड टच** के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया। उन्हे **बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट (POCSO Act)** और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को **1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर)** एवं **112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)** के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें। उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था। एकत्रित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उन्हे पम्प्लेट वितरित किए गए।